बिहार विधान सभा सचिवालय

विज्ञापन संख्या–01/2018

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा का पूरक संशोधित परीक्षाफल

बिहार विधान सभा सचिवालय अन्तर्गत विज्ञापन संख्या–01/2018 के आलोक में सहायक के पद पर सीधी भरती हेतु दिनांक 18.12.2018 से 24.12.2018 तक कम्प्यूटर आधारित प्रारम्भिक परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 14.02.2019 को बिहार विधान सभा के वेबसाईट पर प्रकाशित किया गया था। इस परीक्षा में मूक बधिर (HH) कोटि के अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण देय था पर भूलवश दिनांक 14.02.2019 को प्रकाशित परीक्षाफल में उनकी जगह मनोविकार (MH) कोटि के अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण का लाभ देते हुए परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया गया। साथ ही अत्यंत पिछड़ा वर्ग अन्तर्गत कट ऑफ इक्वेटेड स्कोर से अधिक इक्वेटेड स्कोर होने के बावजूद एक अभ्यर्थी को भूलवश प्रकाशित परीक्षाफल में शामिल नहीं किया गया है। इसके संज्ञान में आने पर परीक्षाफल को यथा संशोधित कर क्षैतिज आरक्षण के तहत भूलवश मनोविकार (MH) कोटि के अभ्यर्थियों के शामिल अनुक्रमांक को विलोपित करते हुए क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य मूक बधिर (HH) कोटि के सफल 10 अभ्यर्थियों को तथा अत्यंत पिछड़ा वर्ग के एक अभ्यर्थी को शामिल करने के पश्चात् यह पूरक संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित किया जाता है, जो निम्नवत् है:–

***दिनांक 14.02.2019 को प्रकाशित परीक्षाफल से विलोपित किये जाने वाले अनुक्रमांक**

मनोविकार कोटि (MH) –

31264717	32240413

***दिनांक 14.02.2019 को प्रकाशित परीक्षाफल में शामिल किये जाने वाले अनुक्रमांक**

मूक बधिर कोटि (HH) –

13285706	13337037	29264142	31315967	32218594	32240440	32264996	32265013	36241560	36266189

अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) –

17208169

ऑनलाईन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा आरक्षण कोटि, लिंग, जन्म तिथि इत्यादि की अंकित की गयी प्रविष्टियों के आधार पर ही उन्हें परीक्षाफल में सम्मिलित किया गया है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि के लिए उम्मीदवार स्वयं जिम्मेवार होंगे।

यह स्पष्ट किया जाता है कि कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में मात्र सफलता प्राप्त होने से ही किसी अभ्यर्थी की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। मुख्य परीक्षा एवं अन्तिम परीक्षाफल की प्रक्रिया के किसी भी चरण में उन सभी अभ्यर्थियों की अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार सभा सचिवालय के पास सुरक्षित रहेगा।

टिप्पणी

1. उक्त परीक्षाफल में दिव्यांग (मूक बधिर) कोटि के अभ्यर्थी का कट–आफ इक्वेटेड स्कोर 258.86 है।
2. उपर्युक्त परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों के इक्वेटेड स्कोर बिहार विधान सभा की वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर पूर्व में ही प्रदर्शित कर दिया गया है।
3. मुख्य परीक्षा की सूचना अलग से प्रदर्शित की जायेगी।
4. **प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन पत्र भरना अनिवार्य होगा।**
5. मुख्य परीक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम सभा सचिवालय की वेबसाईट पर Recruitment→Syllabus of Examination के अन्तर्गत पूर्व से ही उपलब्ध है।

सचिव 21/02/19

बिहार विधान सभा